21.07.2024 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 07.10 pm

प्रादेशिक समाचार

सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- संसद का बजट सत्र कल से होगा शुरू। मंगलवार को वित मंत्री पेश करेंगी आम बजट।
- प्रदेश में हर वर्श स्कूल और कॉलेजों में मनाया जाएगा गुरूपूर्णिमा का महापर्व।
- प्रदेश में गुरूपूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- प्रदेश में तेज बारिश का दौर जारी। मौसम विभाग ने 31 जिलों के लिये भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।

संसद बजट सत्र/सर्वदलीय–बैठक

संसद का बजट सत्र कल से शुरू होगा। सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन वर्ष 2024–25 का केन्द्रीय बजट पेश करेंगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का यह पहला बजट होगा। इस सत्र में सरकार छह नए विधेयक पेश कर सकती है। संसद का बजट सत्र अगले महीने की 12 तारीख तक चलेगा।

कल से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने दोनों सदनों की कार्यवाही का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाना सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है। श्री रिजिजू ने बैठक में अच्छे सुझाव देने के लिए सदन में दलों के नेताओं को धन्यवाद दिया।

बैठक में भाग लेने वालो में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास अठावले; कांग्रेस नेता जयराम रमेश तथा गौरव गोगोई; राष्ट्रवादी कांग्रेस पाटी नेता प्रफुल्ल पटेल; डीएमके नेता टीआर बालू तथा तिरूचि शिवा; आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह और एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी शामिल थे।

गुरू पूर्णिमा–सीएम

गुरुजनों के सम्मान के लिए अब प्रदेश में हर वर्ष सभी स्कूल और कॉलेजों में गुरूपूर्णिमा का महापर्व मनाया जाएगा। यह जानकारी आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में गुरू पूर्णिमा के कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरुजनों का स्थान सर्वोच्च है। गुरू शिक्षा के साथ ही ज्ञान का प्रसार भी करते हैं। गुरुजनों का सम्मान भारतीय परंपरा और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सहित अन्य विश्वविद्यालयों के पूर्व कुलगुरूओं एवं शिक्षक गणों का सम्मान भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंच से उतरकर गुरुजनों के बीच भी पहुंचे। उन्होंने सभागृह में मौजूद पूर्व कुलगुरूओं एवं शिक्षकों का पुष्प वर्षा कर सम्मान किया।

गुरू पूर्णिमा–प्रदेश

प्रदेश में आज गुरू पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न कार्यकर्मों का आयोजन किया जा रहा है। खंडवा में धूनी वाले दादा के दरबार में करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं पहुंच चुके हैं। यहां मेला लगाया गया है साथ ही जगह–जगह भंडारों का आयोजन किया जा रहा है। दादाजी धाम उत्सव में केंद्र पर प्राप्त 5 हजार से अधिक वस्त्र जरूरतमंदों को वितरित किए गए। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर गुरु वंदना सहित कुलगुरु और गुरुजनों का सम्मान किया गया। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार गुना जिले के विभिन्न विद्यालयों में गुरू पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव का आयोजन शासकीय सीएम राइज मॉडल उच्चतर माध्य विद्यालय गुना में किया गया। धार के नित्यानंद आश्रम में नित्यानंद बाप जी का महाअभिषेक किया गया आरती और महाप्रसादी का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस धार में भी गुरु शिष्य परंपरा के अनुसार अनेक आयोजन किए गए।

## दुकान बोर्ड–कावड़ यात्री मार्ग

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने स्पष्ट किया है कि नगरीय क्षेत्र अंतर्गत कावड़ यात्रियों के मार्ग में आने वाली दुकानों के बोर्ड पर दुकान मालिक के नाम लिखने संबंधित कोई भी निर्देश नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा या शासन स्तर पर जारी नहीं किए गए हैं। विभाग ने कहा कि कुछ निकायों से इस तरह की खबरें आ रही थी कि वहां कावड़ यात्रियों के मार्ग में दुकानों पर दुकान मालिक के नाम अनिवार्य रूप से लिखवायें जा रहे हैं, विभाग ने समस्त नगरीय निकायों को निर्देश दिए कि भ्रम से दूर रहें। "मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम,2017" के तहत दुकानों पर बोर्ड लगाए जा सकते हैं। इन बोर्डों पर दुकान मालिक का नाम प्रदर्शित करने की कोई अनिवार्यता नहीं है।

## श्रावण सोमवार

कल से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हो रही है। इसको लेकर प्रदेश के शिव मंदिरों में विशेश साज सज्जा की गई है। कल पहले सावन सोमवार में कई मंदिरों में सुबह से विशेश अनुश्ठान किये जाएंगे। इसके साथ ही कांवड़ यात्राओं का सिलसिला भी शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज इंदौर में भगवान भोलेनाथ की पवित्र 'भव्य बाणेश्वरी कांवड़ यात्रा' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि और धर्मगुरू उपस्थित थे।

## संभावना–गतिविधि

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है। आज झाबुआ के अभिषेक मण्डोरिया एवं साथियों द्वारा भील जनजातीय भगोरिया नृत्य एवं शैलेंद्र सिसोदिया एवं साथी, टीकमगढ़ द्वारा बुन्देलखंड के मोनिया लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जा रही है। झाबुआ और अलीराजपुर क्षेत्र में निवास करने वाली भील जनजाति का भगोरिया नृत्य, भगोरिया हाट में होली तथा अन्य अवसरों पर भील युवक–युवतियों द्वारा किया जाता है। वहीं बुन्देलखंड के मोनिया लोक नृत्य कार्तिक माह में अमावस्या से पूर्णिमा तक किया जाता है। ग्वाला समुदाय अपने पशुओं को सजाते हैं और उनकी पूजा करते हैं। मुख्यतः ग्वाला समुदाय का नृत्य है। संग्रहालय में प्रति रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त हो रहा है।

## मौसम–बारिश

प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है जिससे बारिश का दौर जारी है। आज सुबह ही भोपाल और नर्मदापुरम में कभी तेज तो कभी धीमी बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 3 दिन पूरे प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट है। इंदौर समेत कुल 31 जिलों में तेज बारिश की संभावना है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में भी बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग ने अगले 2 दिन पूरे प्रदेश में आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए लोगों को बचाव की समझाइश दी है। प्रदेश में अब तक 11.6 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है, जो कोटे की कुल बारिश की 35 प्रतिशत है। तेज बारिश की वजह से डैम, तालाबों में भी पानी बढ़ रहा है।

## महिला एशिया कप ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट

महिला एशिया कप ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट टूर्नामेंट में आज श्रीलंका के दाम्बुला में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात को 178 रनों से हरा दिया। भारत ने पहले खेलते हुए 201 रन बनाए। जिसके जवाब में संयुक्त अरब अमीरात की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 123 रन ही बना सकी। भारत की ओर से ऋचा घोष ने 64 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। भारत की एशिया कप में यह दूसरी जीत है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व धरोहर समिति की बैठक को संबोधित करने के लिये नई दिल्ली के भारत मंडपम पहुंच गए हैं। श्री मोदी ने यहां एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।
- सीहोर के जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेला आयोजित किया गया। जनपद पंचायत परिसर सीहोर में यह मेला कल 22 जुलाई को भी आयोजित किया जाएगा।
- बुधनी में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने एक बैठक लेकर राजस्व महा अभियान को सुचारू रूप से चलाने के निर्देश दिये हैं। यह अभियान 31 अगस्त तक चलेगा।
- बैतूल पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को पकड़ा है। जिनके पास से 2 लाख 81 हजार रूपये का गांजा बरामद हुआ है।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गुना के स्पाइस पार्क में पौधा रोपण अभियान जारी है। इसके तहत लगातार पौध रोपण किया जा रहा है।
- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिशद और संस्कृति विभाग द्वारा कल भोपाल के एतिहासिक गोल घर में शाम–ए–सुखियाना में कव्वाली का आयोजन किया गया है।

------------------